## एक नजर में


### ग्राम कनावटी में 15 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन डोम का भूमिपूजन




**नीमच।** नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनावटी में 15 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन (डोम) के निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक दिलीप सिंह परिहार द्वारा किया गया। भूमि पूजन के साथ ही विकास कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा स्थानीय नागरिकों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण अधोसंरचना को सशक्त बनाने एवं जनसुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे, इसी संकल्प के साथ जनसेवा और विकास कार्यों को गति दी जा रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शारदा बाई धनगर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मनीषा धाकड़, भाजपा महामंत्री सतीश यादव, ममता नागदा, विधायक प्रतिनिधि दीपक नागदा, राजेश पाटीदार, सूरज सिंह शक्तावत, सरपंच सोनू सेन, संदीप पवार, गोटू अजमेरा, सरपंच गोपाल शर्मा, जनपद सदस्य बालमुकुंद, प्रताप सिंह, ओम सिंह, राधेश्याम पवार, किशन शर्मा, डॉ. देवकरण शर्मा, जनपद सीईओ आरिफ खान सहित ग्राम के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### स्टील फैक्ट्री पर उठे सवाल ! जहरीले पानी से फसलें बर्बाद, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

**नीमच।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम चल्दू, तहसील जीरन निवासी किसान प्रहलाद सिंह चौहान ने कृपा बॉयो स्टील फैक्ट्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए प्रदूषण फैलाने के गंभीर आरोप लगाए। किसान ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। आवेदन में किसान ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री से निकलने वाला अपशिष्ट जल और रासायनिक पदार्थ खुले मार्ग से बहकर सार्वजनिक नदी में पहुंच रहे हैं, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। उनका कहना है कि यही दूषित पानी उनकी कृषि भूमि तक भी पहुंच रहा है, जिसके कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं और उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान प्रहलाद सिंह चौहान ने बताया कि प्रदूषण का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पर्यावरण और जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने दावा किया कि नदी का दूषित पानी पीने से कई पालतू एवं जंगली पशुओं की मौत होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और फैक्ट्री प्रबंधन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह समस्या क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। किसान ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रदूषण की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। फिलहाल किसान द्वारा लगाए गए आरोपों की प्रशासनिक पुष्टि होना शेष है और मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।




### 20 साल से विकास की राह देख रहा हाईवे के किनारे बसा सकरग्राम



**नीमच।** जीरन तहसील अंतर्गत ग्राम सकरग्राम (पंचायत चल्दू) के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर गांव की वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि करीब दो दशक बीत जाने के बावजूद गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के समीप स्थित होने के बावजूद गांव का अब तक भौगोलिक सीमांकन नहीं हुआ है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों में बाधा आ रही है। गांव में पेयजल संकट भी गंभीर बना हुआ है। महिलाओं को रोजाना पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्राथमिक विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि भवन की खराब हालत के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई है और कई परिवार निजी विद्यालयों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इसके अलावा श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग के अभाव, अंतिम संस्कार की पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने तथा धर्मशाला और सामुदायिक भवन की कमी जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए गांव में कोई उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि वर्षों से लंबित इन मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सकरग्राम को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

### सामलती कुएं की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, कलेक्टर जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** जिले के रामपुरा नगर में दरगाह रोड स्थित पुराने बस स्टैंड के समीप सर्वे क्रमांक 422 में स्थित सामलती कुएं की भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य के विरोध में स्थानीय परिवारजनों ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि सामलती कुएं की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा बिना वैधानिक अनुमति के कब्जा कर चद्दर शेड लगाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त भूमि को लेकर पूर्व में दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ था, लेकिन समझौते की शर्तों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य जारी रखा गया। परिवारजनों का कहना है कि जब उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया और समझौते का हवाला देकर काम रोकने की बात कही, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। ज्ञापन में गाली-गलौज, धमकी देने और विवाद उत्पन्न करने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से मांग की है कि भूमि की वास्तविक स्थिति, स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों तथा पूर्व में हुए समझौते की जांच कराई जाए। यदि अवैध कब्जा और निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जाए। कलेक्टर जनसुनवाई में प्रस्तुत ज्ञापन पर संबंधित विभागों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की मांग भी की गई है।

# सिंगोली के गोपाल को मिलेगा एक बत्ती कनेक्शन

▸ कलेक्टर ने बब्बूबाई की फसल को नुकसान पहुंचाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश




**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 145 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।**

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सिंगोली के गोपाल गाडी लौहार को एक बत्ती कनेक्शन के लिए न.पा. से तत्काल एनओसी प्रदान करने के निर्देश सीएमओ सिंगोली को दिए। इस अवसर पर एडीएम बी.एस. कलेश, एसडीएम पराग जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कलेक्टर ने लसुडिया मनासा की बब्बुबाई पति मुकेश के आवेदन पर उसे परेशान करने पर उतारू रहने वाले एवं फसलों को नुकसान पहुचाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम मनसा को दिए है। कलेक्टर ने जनसुनवाई में गुडीखेडा (रतनगढ़) निवासी देवराज राठौर के आवेदन पर उसके कुए पर जमीन का रास्ता बंद करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर समय सीमा में रास्ता खुलवाने के निर्देश एसडीएम जावद को दिए है। सेमली इस्तमुरार की मायाबाई ने रास्ते के अभाव में एक वर्ष से पडत जमीन पर जाने का रास्ता दिलाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार कुकडेश्वर को निर्देश दिए, कि वे टीम भेजकर मायाबाई को खेत पर जाने का रास्ता दिलवाए।

जनसुनवाई में घसुण्डी बामनी की कान्ताबाई, डिकेन के सुरेश कुमार, केनपुरिया के अनिल कछावा, बांगरेड का खेडा, भरभडिया के उदयराम, हिंगोरिया की सुनीता बाई, नाथूलाल बंजारा, जोडमी के पूरनमल बंजारा, सुवाखेडा के राजेश, भवरासा की राजीबाई, चम्पी के भागीरथ, खजुरिया के मोतीलाल, जावद के गोविंद धाकड़, फोफलिया के गुलाबचंद, आम्बा की मानाबाई, बडी की राजुलीबाई, रतनपुरा के नानालाल, जेसिपुरा के सुभाष, डसानी के नारायणसिह, मेंढकी के मुकेश, नयागांव के सत्तु धाकड़ ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। रामपुरा के मोहनलाल, कोठडी इस्तमुरार के बाबुलाल, इंदिरा नगर विस्तार नीमच की मुस्कान, ग्वालटोली की पुनम, धामनिया की रीना बारेट, गिरदौडा के किशनसिह, नानपुरिया के पुष्कर, नयागांव के राजू धाकड ने भी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## ट्रेन में नशीला पदार्थ देकर चोरी करने वाले को 5 वर्ष की सजा

**नीमच।** ट्रेन में नशीला पदार्थ देकर चोरी की वारदात करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

जानकारी अनुसार प्रधान सत्र न्यायाधीश, नीमच वीरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा ट्रेन में फरियादी को चाय में नशीला पदार्थ पीलाकर उसको बेहोश करके मोबाइल व रूपयों की चोरी करने वाले आरोपी महेन्द्र पिता कजोड़ मीणा (23) निवासी-मीणों की झोपड़ीया जेतपुरा, जिला-बुंदी (राजस्थान) को सश्रम कारावास एवं 5,000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि 20.12.2024 को फरियादी प्रेम कुमार शर्मा, निवासी-भगवत नगर, मन्दसौर सुबह के लगभग 05:30 बजे मन्दसौर से चित्तौड़गढ़ जाने के लिए रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन में जनरल कोच का टिकट लेकर बैठ गये। कोच में दो लड़के पहले से ही बैठे हुवे थे, जिसमें से एक लड़के ने दुसरे को कैंटीन से पानी की बोतल लाने के लिये कहा, जिस पर से दूसरा लड़का पानी और चाय लेकर कोच में वापस आया। एक लड़के ने फरियादी को भी चाय पीने के लिये आग्रह किया, किन्तु फरियादी ने मना कर दिया तो भी बहुत आग्रह किये जाने पर फरियादी ने चाय पी ली। फरियादी चाय पीने के बाद बेहोश हो गया, जिस कारण से वह बेहोशी की हालत में उदयपुर पहुंच गया तथा ट्रेन की वापसी के दौरान उसे चित्तौड़गढ़ में होष आया।

## चोरों का आतंक, सूने मकान पर धावा, नकदी-जेवरात समेत लाखों का माल लेकर फरार

**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र में सोमवार रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। एलआईसी रोड स्थित सेन सर्कल पर रहने वाले याकूब बोहरा अपने परिवार के साथ मोहर्रम के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने मस्जिद गए हुए थे। घर पर ताला लगा था और कोई मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मकान को निशाना बनाया।

चोरों ने सबसे पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा और फिर घर के अंदर घुस गए। इसके बाद बदमाशों ने अलमारी के ताले भी तोड़ दिए और उसमें रखी करीब 2 लाख रुपए की नकदी, सोने की 4 अंगूठियां और 4 सोने की चूड़ियां चोरी कर लीं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। रात करीब 10 बजे जब परिवार वापस घर लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। घर का यह हाल देखकर परिवार के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और बोहरा समाज के सदस्य बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। सीएसपी किरण चौहान और थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज ने किया सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन

**नीमच।** माहेश्वरी समाज नीमच के तत्वाधान में माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में माहेश्वरी युवा संगठन नीमच के तत्वाधान में विभिन्न माहेश्वरी डांसिंग सुपरस्टार प्रतियोगिता वीर पार्क रोड स्थित माहेश्वरी समाज भवन में आयोजित की गई। इसमें समाज की प्रतिभाओं ने एक से बढ़कर एक अपनी सांस्कृतिक अभिनय कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा आयोजित किया।



माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग आयु वर्ग की विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित निर्णायक न्यायाधीश समाजसेवी तृप्ति दुआ एवं शिवा मित्तल ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए जिसमें एकल नृत्य प्रतियोगिता में 5 से 7 आयु वर्ग जूनियर वर्ग ए सोलो में प्रिशा माहेश्वरी प्रथम, नोमिका सारडा द्वितीय, जूनियर बी वर्ग में शिवाय काबरा प्रथम कविश गट्टानी द्वितीय, 8 से 11 वर्ष जूनियर वर्ग बी में सोलो में अनमोल बाहेती प्रथम, आराध्या लड़ा द्वितीय, जूनियर वर्ग सोलो एकल में नक्षत्र आगार प्रथम सिद्धम मंडोवरा द्वितीय, 12 से 17 वर्ष बालिका जूनियर वर्ग सी में वंशिका परवाल प्रथम, वेरोनिका बाहेती द्वितीय, जूनियर वर्ग के 1217 वर्ष बालक 16 एकड़ में राघव माहेश्वरी प्रथम, बालिका वर्ग में वैष्णवी बाहेती प्रथम, सभी आयु वर्ग की महिला वर्ग में सोलो एकल में पूर्व बाहेती प्रथम, अनीता समदानी द्वितीय, वंदना बाहेती तृतीय तथा उपविजेता विजेताओं को महेश नवमी पर्व के मुख्य समारोह में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 31 सांस्कृतिक प्रतिभाओं ने सहभागिता निभाई। जिसमें से 15 प्रथम द्वितीय एवं विजेता उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। माहेश्वरी युवा संगठन नीमच के अध्यक्ष पीयूष काबरा, सचिव शुभम महेश्वरी, कोषाध्यक्ष हर्षित खटोड़ सहित समाज के युवा वर्ग प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में सहभागी बने।

## नपा जमीन पर कब्जे का आरोप, भाजपा पार्षद दल ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** नगर पालिका की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर कथित अवैध कब्जे और कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का मामला मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में गूंजा। भाजपा पार्षद दल ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा पार्षद दल की ओर से पार्षद शशिकुमार कल्याणी, रूपेंद्र लोक्स एवं योगेश कवीश्वर ने प्रस्तुत ज्ञापन में आरोप लगाया कि योजना क्रमांक-18 के मुख खण्ड क्रमांक-09 का वर्ष 1977 में विशेष शर्तों के साथ आवंटन किया गया था। आवंटन की शर्तों के अनुसार भूखंड का उपयोग निर्धारित व्यापारिक गतिविधियों के लिए किया जाना था तथा परिषद की अनुमति के बिना उसका विक्रय या हस्तांतरण नहीं किया जा सकता था ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उक्त शर्तों का उल्लंघन करते हुए भूखंड का हस्तांतरण कर दिया गया और बाद में वहां अस्पताल का निर्माण भी कर लिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर



नगर पालिका द्वारा संबंधित पक्षों को भूखंड निरस्तीकरण के नोटिस जारी किए गए थे, जिसके बाद मामला न्यायालय पहुंचा। भाजपा पार्षद दल के अनुसार न्यायालय ने नगर पालिका के पक्ष में निर्णय देते हुए संबंधित अपील को निरस्त कर दिया था तथा भूखंड खाली कराकर नगर पालिका को उसका रिक्त आधिपत्य सौंपने के निर्देश भी दिए थे। इसके बावजूद आज तक न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि नगर पालिका के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के कारण भू-माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है। पार्षद दल का दावा है कि करीब 9600 वर्गफीट क्षेत्रफल वाली इस बहुमूल्य भूमि के एक हिस्से पर अवैध निर्माण कर दो दुकानें और लगभग 10 कमरे बना दिए गए हैं, जिन्हें किराए पर संचालित किया जा रहा है। भाजपा पार्षदों ने इसे सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जे का गंभीर मामला बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित करते हुए नगर पालिका की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग भी की गई है। पार्षद दल ने कलेक्टर से आग्रह किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और नगर पालिका को उसकी भूमि वापस मिल सके।

### सड़क और पेयजल सुविधा से वंचित ग्रामीण पहुंचे जनसुनवाई, कलेक्टर से लगाई गुहार

**नीमच।** जिले की जनसुनवाई में मंगलवार को रामपुरा तहसील क्षेत्र के ग्राम जुना पानी बस्ती ब्लॉक, पोस्ट बुज के ग्रामीणों ने सड़क और पेयजल समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों की ओर से शंकरलाल चारण ने बताया कि गांव आज भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और हर घर जल नल योजना के लाभ से वंचित है। विकास योजनाओं के बावजूद गांव में सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कीचड़ और खराब रास्तों के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। बच्चों को स्कूल जाने, किसानों को कृषि कार्य करने और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने जनसुनवाई में उठाई आवाज, वेतन वृद्धि और ई-अटेंडेंस बंद करने की मांग

**नीमच।** नगर पालिका नीमच में कार्यरत अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने शासन के नियमानुसार अवकाश सुविधा देने, ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करने तथा वेतन वृद्धि किए जाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि वे वर्षों से नगर पालिका में अस्थायी सफाई कर्मी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें शासन के नियमों के अनुरूप अवकाश का लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पारिवारिक, सामाजिक कार्यक्रमों अथवा किसी सुख-दुख के अवसर पर अवकाश लेने पर उनके वेतन से राशि काट ली जाती है, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वर्तमान में मिलने वाला वेतन बेहद कम है और बढ़ती महंगाई के दौर में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमित आय के कारण बच्चों की शिक्षा और परिवार की अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है।



कर्मचारियों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि तकनीकी खामियों और नेटवर्क संबंधी समस्याओं के कारण कई बार लोकेशन टैग नहीं हो पाती, जिससे उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती और इसका सीधा असर उनके वेतन पर पड़ता है। कर्मचारियों ने मांग की कि ई-अटेंडेंस प्रणाली को बंद कर पूर्व की व्यवस्था लागू की जाए।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक परिहार ने दी श्रद्धांजलि

**नीमच।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके राष्ट्रवादी विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री परिहार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया. उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' के संकल्प को लेकर संघर्ष किया और राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया. उनका जीवन आज भी युवाओं और राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे डॉ मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## अवैध खनिज उत्खनन परिवहन पर तीन वाहन मालिकों पर 84 हजार से अधिक का जुर्माना

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन के तीन अलग-अलग प्रकरणों में वाहन मालिकों पर कुल 84 हजार 100 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। प्रकरण क्रमांक 0045/अ-67/2026-27: में पारित आदेशानुसार पुलिस थाना मनासा द्वारा जब्त जेसीबी में बिना रॉयल्टी मुरूम का अवैध उत्खनन पाए जाने पर वाहन मालिक पवन पिता जीतमल मोग्या निवासी सावन पर 45000 रूपये की शास्ति लगाई।

इसमें रॉयल्टी का 15 गुना 22500 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 22500 रूपये शामिल है। प्रकरण क्रमांक 0048/अ-67/2026-27: में पारित आदेशानुसार ग्राम चौथखेडा तहसील नीमच में मुरूम का उत्खनन पर वाहन मालिक रामचरण पिता नाथूलाल गुर्जर निवासी चौथखेडा पर 10500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें रॉयल्टी का 15 गुना 5250 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 5250 रूपये शामिल है। प्रकरण क्रमांक 0049/अ-67/2026-27: पारित आदेशानुसार ग्राम सुवाखेडा में ट्रेक्टर क्र. स्क्क47683, बिना रॉयल्टी के खण्डा पत्थर का अवैध परिवहन पर वाहन मालिक सुरेश पिता शांतिलाल निवासी सुवाखेडा तहसील जावद जिला नीमच पर 28600 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई। इसमें रॉयल्टी का 15 गुना 3600 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25000 रूपये शामिल है। प्रकरणों में मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। कलेक्टर द्वारा खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि जुर्माना राशि 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने की पुष्टि पर ही जप्त वाहन मुक्त किए जाएं।

## पेयजल संकट से परेशान वार्ड 13 के रहवासी पहुंचे जनसुनवाई में, नियमित और साफ पानी की मांग

**नीमच।** शहर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित बगीचा नंबर-4 के रहवासियों ने लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।


क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से नियमित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की मांग करते हुए जल्द समाधान की अपेक्षा जताई। समाजसेविका शाहमिदा मिर्जा के नेतृत्व में प्रस्तुत ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 13 के बगीचा नंबर-4 क्षेत्र में कई वर्षों से पेयजल संकट बना हुआ है। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति अनियमित है और कई बार नलों से गंदा एवं दूषित पानी आ रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि पानी की अनियमित आपूर्ति के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं दूषित पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी लगातार बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों को पेयजल के साथ-साथ घरेलू उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रतिदिन सुबह निर्धारित समय पर स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**एक नजर** ▸ महेश नवमी पर निकली भव्य प्रभात फेरी, वाहन रैली और रथ यात्रा

# जय महेश के जयघोष से गूंज उठा नीमच शहर

**नीमच।** माहेश्वरी समाज के आराध्य देव भगवान महेश के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन पर्व पर मंगलवार को पूरा नीमच नगर शिवमय नजर आया। 'शिव ही सत्य है, शिव ही सुंदरम है' तथा 'जय महेश' के जयघोषों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

समाजजनों ने प्रभात फेरी, वाहन रैली, रथ यात्रा, सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। माहेश्वरी समाज नीमच के अध्यक्ष सत्यनारायण जागेटिया, सचिव सुरेश सोडानी एवं मीडिया प्रभारी ललित राठी ने बताया कि प्रात: 5 बजे श्री राम मंदिर से भव्य प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। फूलों से सुसज्जित भगवान महेश की झांकी के साथ समाजजन भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। प्रभात फेरी के दौरान बिचला गोपाल मंदिर, नरसिंह मंदिर एवं श्री बड़े बालाजी मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर विशेष भजन प्रस्तुत किए गए।




माहेश्वरी भवन से लेकर पुस्तक बाजार, श्रीराम मंदिर, तिलक मार्ग एवं घंटाघर क्षेत्र तक 108 तोरण द्वार लगाकर नगर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्राओं का स्वागत किया गया।

श्रीराम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान महेश का अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में सुबह 9:30 बजे माहेश्वरी भवन से भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: समाज भवन पहुंची।